गन्ना किसानों को लुभाने के प्रयास मे जुटा केंद्र

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : चुनाव नजदीक देख सरकार किसानों को लुभाने का कोई मौका चूकना नहीं चाहती है। गन्ना किसानों को उनके बकाया भुगतान के लिए चीनी उद्योग को 7,200 करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त कर्ज उपलब्ध कराने का फैसला किया गया है।

सियासी नफा-नुकसान

- बकाया भुगतान के लिए चीनी मिलों को मिलेंगे ब्याज मुक्त कर्ज

सरकार के इस प्रस्ताव को गुरुवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिलने की संभावना है। घाटे से जूझ रहा चीनी उद्योग नगदी संकट झेल रहा है। इसी वजह से मिलें किसानों को गन्ना भुगतान करने में नाकाम रही है। तकरीबन 3,000 करोड़ रुपये का उनपर बकाया है। इससे उद्योग के साथ किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है। इस समस्या से पार के लिए सरकार ने ब्याज मुक्त कर्ज मुहैया कराने की हामी भरी थी। कर्ज की इस राशि का इस्तेमाल पूरी तरह गन्ना भुगतान में ही किया जाएगा। इस शर्त के साथ ही मिलों को कर्ज दिया जाएगा ताकि किसानों को खुश किया जा सके।

Dainik Jagaran

19/12/13